दैनिक जागरण

27.10.2018

बेहतर प्रदर्शन से विश्वकप होगा अपना

- आइआइटी बीएचयू में शुरू हुई स्पर्धा में आए थे भारतीय हॉकी के पूर्व कप्तान
- पद्मश्री दीपा मलिक ने कहा, अपंगता को किनारे कर हमने शरीर से खेलना सीखा

जासं, वाराणसी : भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान सरदार सिंह ने शुक्रवार को कहा कि हॉकी को आगे लाने के तहत अधिक से अधिक एस्ट्रो टर्फ मैदान और बेहतर कोचिंग की व्यवस्था करनी होगी। आइआइटी, बीएचयू के खेल महोत्सव 'स्पर्धा-2018' के शुभारंभ पर पहुंचे सरदार सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भारतीय टीम एशिया कप में बेहतर खेल रही है। उन्होंने उम्मीद जताया कि अगले माह भुवनेश्वर में होने वाले हॉकी विश्व कप में भारतीय

टीम फाइनल भी जीत सकती है। यह भी दावा किया कि भारतीय टीम कम से कम क्वार्टर फाइनल तक पहुंच जाएगी। उसके आगे के मैच को लेकर उन्होंने कहा कि हर मैच में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा कि हॉकी को बढ़ाने के लिए युवा खिलाड़ियों को आगे लाना होगा। आपने टीम को क्यों छोड़ा के सवाल पर सरदार सिंह ने कहा कि वह चाहते थे कि नए खिलाड़ियों को मौका मिले।

स्पर्धा का शुभारंभ मुख्य अतिथि पद्मश्री दीपा मलिक, विशिष्ट अतिथि सरदार सिंह, गेस्ट ऑफ ऑनर कुमारी सुषमा वर्मा, निदेशक प्रो. पीके जैन, प्रो. एएसके सिन्हा व प्रो. आरएस सिंह ने किया। पैरा खिलाड़ी दीपा ने कहा कि उनको डाक्टरों ने जवाब दे दिया था। फिर भी वह हार नहीं मानी और जवाब दे चुके शरीर के साथ ही खेलना शुरू कर दिया। घर व बाहर के लोग सवाल करते थे कि दीपा कैसे अपना खर्च, घर, परिवार को कैसे चलाएगी। आज हमारी कामयाबी हर सवाल का जवाब दे रही है। सुषमा ने भी छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। कड़े मुकाबले के बाद हैंडबॉल में एनआइटी त्रिची एवं आइआइटी (बीएचयू) ने जीत हासिल की। पुरुष कबड्डी में एनआइटी त्रिची, बिट्स पटना, आइसीएफएइ एवं वाइएमसीए ने बाजी मारी। महिला कब्बडी में जीडब्ल्यूइसी ने जीत का परचम लहराया।

आंइआइटी, बीएचयू में खेल महोत्सव के उद्घाटन के दौरान पैरा खिलाड़ी दीपा मलिक, हॉकी टीम के पूर्व कप्तान सरदार सिंह व महिला क्रिकेटर सुषमा वर्मा को मशाल सौंपता छात्र

बनारस क्लब में सिंथेटिक बैडमिंटन कोर्ट व स्केटिंग रिंग की सुविधा

जागरण संवाददाता, वाराणसी : बनारस क्लब में शुक्रवार से खेल सुविधाओं में और बढ़ोतरी हो गई।

क्लब में सदस्यों के लिए बैडमिंटन के सिंथेटिक कोर्ट और स्केटिंग रिंग की सुविधा शुरू की गई है। मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल ने इसका शुभारंभ किया। मानद सचिव दीपक माहेश्वरी व कोषाध्यक्ष जयदीप सिंह ने स्वागत किया। उन्होंने क्लब में खेल संबंधी सुविधाओं की जानकारी दी। इस मौके पर नवीन कपूर, उदय राजगढ़िया और राकेश वशिष्ठ सहित अन्य सदस्य थे।